नोट :–

बीड़ी निर्माण के संबंध में दैनिक या मासिक दर से वेतन पाने वाले कर्मचारियों जैसे, बीड़ी छाँटने तथा जाँच करने वाले, तंबाखू मिश्रण तथा छानने का कार्य करने वाला, भट्टी वाला, रसोईया, ड्राईवर (भारी वाहन), हल्का वाहन, एकाऊंटेंट, मुनीम, कैशियर, गोडाउन कीपर, स्टोर कीपर, टाईपिस्ट, बिलमेन, क्लर्क, भृत्य, चौकीदार के वेतन न्यूनतम वेतन अधिनियम के अंतर्गत् समय–समय पर निर्धारित कुशल, अर्धकुशल और अकुशल श्रेणी के श्रमिकों के वेतन के अनुसार नियमित होंगे।

इस प्रयोजन के लिए उपर्युक्त कर्मकारों का वर्गीकरण निम्नानुसार किया जावेगा–

01. कुशल : ड्राईवर (चालक) (भारी वाहन), एकाउंटेंट, मुनीम, कैशियर, स्टोर कीपर, हेड क्लर्क, गोडाउन कीपर।

02. अर्धकुशल : बीड़ी छाँटने तथा जांच करने वाला, भट्ठी वाला, रसोईयां, ड्राईवर (हल्का वाहन), टाईपिस्ट, बिलमेन, क्लर्क।

03. अकुशल : ट्रक से माल चढ़ाने व उतारने वाले या बीड़ियों के पुड़ों के कार्य में लगा श्रमिक, भृत्य, चौकीदार।

बीड़ी निर्माण के संबंध में दैनिक या मासिक दर से वेतन पाने वाले कर्मचारियों की न्यूनतम वेतन दर परिवर्तनशील महँगाई भत्ते सहित निम्नानुसार है।

| क्रमांक | कर्मचारियों का वर्ग | मूल वेतन | महँगाई भत्ता | कुल वेतन प्रति माह | कुल वेतन प्रति दिन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुशल | 4556.75 | 1616.00 | 6172.75 | 237.41 |
| 2. | अर्धकुशल | 4368.70 | 1616.00 | 5984.70 | 230.18 |
| 3. | अकुशल | 4182.55 | 1616.00 | 5798.55 | 223.02 |